# रेत से भरी ट्राली कार पर पल्टी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** अपनी जेबें भरने के लिए नदियों को खोखला कर रहे रेत माफिया की रफ्तार अब लोगों की जान के लिए खतरनाक साबित होने लगी है। हाल ये है कि सरकारी तंत्र के संरक्षण में चल रहे रेत के इस

**बाल-बाल बचे डॉक्टर, अटेंडर और राहगीर बेलगाम ट्रेक्टर-ट्रॉलियां बन रहे हादसों का सबब पुलिस और खनिज महकमे की आंखों पर पट्टी**

अवैध कारोबार से जुड़े लोग रोजाना नियमों-कायदों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। रेत के अवैध करोबार में लिप्त ट्रेक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर आज बसंत विहार में दो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। वो तो गनीमत ये रही कि एक कार से डॉक्टर उतरे ही थे और दूसरी से निकले अटेण्डर सीढ़ि ?यों तक पहुंचे गए, तभी बेकाबू ट्रेक्टर-ट्रॉली ने दोनों कारों को अपनी चपेट में ले लिया।



**रोज सुबह सड़कों पर दौड़ते हैं खौफ बनकर-** मौके पर मौजूद लोग बताते हैं कि रेत के अवैध परिवहन में लगे ऐसे सैकड़ों ट्रेक्टर रोज सुबह बसंत विहार और चेतकपुरी कॉलोनी के मैन रोड पर खौफ बनकर दौड़ते हैं। तेज आवाज वाले म्यूजिक सिस्टम के कानफोडू शोर के साथ इनकी रफ्तार इतनी अधिक रहती है कि लोगों को अपनी जान बचाने के लिए सड़क छोड़ना पड़ती है।

रेत का कारोबार पूरी तरह अवैध है। न तो इनके पास कोई रॉयल्टी होती है, न चालक लायसेंस और न रेत परिवहन कर रहे ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर। इस तरह रेत के काले कारोबार में लगा माफिया दोनों ही तरह से सरकार के खजाने को चूना लगा रहा है।

### ड्राइवर का लायसेंस न ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन

इस घटना के बाद ट्रेक्टर चालक वाहन छोड़कर भागने लगा, तभी आसपास मौजूद लोग और राहगीरों ने उसे दबोच लिया। मौके पर पहुंची झांसी रोड थाना पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि ट्रेक्टर चालक के पास ड्राइविंग लायसेंस भी नहीं था। साथ ही न ट्रेक्टर पर नंबर पाया गया, न ट्रॉली पर रिफ्टलेक्टर लगा था।

### दर्जनों थाने-चौकियों को यह नजर नहीं आते ?

रेत के कारोबार में लगे सैकड़ों की तादात में ऐसे ट्रेक्टर-ट्रॉली रोज एक तरफ सिंध नदी और दूसरी और चंबल का रेत लेकर शहर की सड़कों से लेकर रिहायशी इलाकों तक दौड़ते हैं। इस बीच इनके रास्ते में दर्जन भर पुलिस थाने और जांच चौकियां पड़ती है, लेकिन मजाल है कोई इनको हाथ देता हो। सुबह लोग फल, सब्जी, दूध, किराने आदि का सामान लेने को निकलते हैं। इस दौरान रहवासी क्षेत्रों से गुजरते बेलगाम ट्रेक्टर-ट्रॉली खतरे का सबब बन सकते हैं।

# धान खरीदी में धोखाधड़ी से संबंधित पाँच आरोपियों की गिरफ्तारी पर 20 - 20 हजार का इनाम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** कृषि उपज मंडी लश्कर में कर्मचारियों - व्यापारियों की मिलीभगत से किसानों के साथ धान खरीदी में हुई धोखाधड़ी से संबंधित प्रकरण में फरार चल रहे पाँच आरोपियों की गिरफ्तारी पर 20 - 20 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज अमित सांघी ने पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के प्रतिवेदन के आधार पर यह इनाम घोषित किया है। जो भी व्यक्ति विधि संगत तरीके से इन आरोपियों को गिरफ्तार कराने में पुलिस की मदद करेंगे, उन्हें यह नगद पुरस्कार दिया जायेगा।

उप पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ग्वालियर रेंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी

**आरोपियों को गिरफ्तार कराने में पुलिस की मदद करेंगे, उन्हें यह नगद पुरस्कार दिया जायेगा**

भूपेन्द्र किरार निवासी इमली नाका सिकंदर कम्पू, महेश कौशल निवासी पंचशील नगर मेला मैदान के पीछे, अमित गुप्ता निवासी वार्ड-18 पकोड़िया महादेव दतिया, सुचि गुप्ता निवासी एकता विहार कॉलोनी गुढ़ा कम्पू एवं कदम सिंह जाटव निवासी जगजीवन नगर 60 फुटा रोड कुम्हरपुरा की गिरफ्तारी पर 20 - 20 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना जनकगंज में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पूर्व में इन पाँचों आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 - 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था, जिसे पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा निरस्त कर अब 20 - 20 हजार रूपए का इनाम घोषित किया है।


केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल साई बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126

ई-नीलामी विक्रय सूचना

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूमि हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 30.09.2025 को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम | बकाया राशि / नीलामी दिनांक | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढाने की राशि |
|---|---|---|---|
| शाखा: केनरा बैंक, गोले का मंदिर, Ph.: 84483-38142 E-mail : cb2897@canarabank.com | | | |
| **ऋणी: श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री राम कुमार शर्मा,** पता: आर./ओ. जीएम-862, दीन दयाल नगर, एयरपोर्ट रोड, मुरार, ग्वालियर, म.प्र.,-474005 **2. श्रीमती सपना त्यागी, पुत्रि अशोक त्यागी,** पता: आर./ओ.गहेली मेहगांव, भिंड, मध्य प्रदेश-477227. पत्राचार का पता: प्लॉटट नंबर 75 बी वार्ड नंबर 18, गजानन एन्क्लेव, ग्राम लखमीपुर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश | Rs. 17,07,464.45/- + ब्याज एवं खर्चे / नीलामी दिनांक 30-09-2025 (सांकेतिक) | आवासीय भवन का क्षेत्रफल 675 वर्ग फुट है। यह प्लॉट संख्या 75 बी, वार्ड संख्या 18 में स्थित है और इसमें सर्वे संख्या 149/1,150,152,153,154 और 156/2 का हिस्सा है। गजानन एन्क्लेव, गाँव लखमीपुर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश। **चतुर-सीमाएँ: उत्तर-** प्लॉट संख्या 70, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** खुली भूमि, **पश्चिम-** प्लॉट संख्या 75 | Rs. 9,70,000/- / Rs. 97,000/- / Rs. 10,000/- |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 30.09.2025, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर)

**अन्य नियम व शर्तें:** (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा। (बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9 (डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल **Website: http://baanknet.in** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, **29.09.2025** से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **http://baanknet.in/** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर **98922-19848**, ई-मेल: **support.baanknet@psballiance.com** और **avp-projectmanager2@psballiance.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट **http://baanknet.in/** के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) **29.09.2025** को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबक्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा: 9981898987 से संपर्क करें।

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 19-09-2025 | प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक


## एनसीसी महिला ऑफीसर्स प्रशिक्षण अकादमी में भव्य पासिंग आउट परेड आज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** ग्वालियर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एनसीसी ओटीए (महिला ऑफीसर प्रशिक्षण अकादमी) में 19 सितम्बर को पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन होगा। इस पासिंग आउट परेड के साथ एनसीसी ओटीए अपनी हीरक जयंती मना रहा है। पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि दक्षिणी कमान के आरओ लेफ्टीनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे। समन्वय अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल जे पी सिंह ने बताया कि पासिंग आउट परेड में 131 महिला केयर टेकर अधिकारी शामिल होंगीं। ये सभी अधिकारी लेफ्टीनेंट के पद पर एनसीसी में महिला एसोसिएट अधिकारी का दायित्व निभायेंगीं। पासिंग आउट परेड में शामिल होने जा रहे सभी प्रशिक्षु अधिकारी एनसीसी के 17 निदेशालयों से आए हैं और ये सभी महाविद्यालयों के प्राध्यापक हैं।

# प्रशासनिक न्यायाधिपति पाठक ने लिया मर्सी होम का जायजा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री आनंद पाठक ने गुरुवार को मर्सी होम का जायजा लिया। उन्होंने मर्सी होम के रहवासियों से चर्चा कर उनके हालचाल जाने। साथ ही यहाँ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। न्यायाधिपति श्री पाठक ने उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के न्यायमूर्तिगणों की ओर से सहयोग राशि भी मर्सी होम को भेंट की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा मर्सी होम को स्वीट होम में तब्दील करने के लिये किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



इस अवसर पर उच्च न्यायालय खण्डपीठ के न्यायमूर्ति श्री अनिल वर्मा, न्यायमूर्ति श्री मिलिंद रमेश फड़के, न्यायमूर्ति श्री आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति श्री अमित सेठ, न्यायमूर्ति श्री पुष्पेन्द्र यादव, न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत व न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार गुप्ता, उच्च न्यायालय के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री राजीव के. पाल, रजिस्ट्रार श्री नवीन शर्मा, जिला न्यायालय के विशेष न्यायाधीश श्री ऋतुराज चौहान, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह व नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

न्यायाधिपति श्री पाठक ने कहा कि मर्सी होम में खेल गतिविधियां व योगाभ्यास जैसे कार्यक्रम प्रमुखता से कराए जाएं, जिससे यहाँ के रहवासियों में सकारात्मकता का संचार हो। उन्होंने सभी की भागीदारी से मर्सी होम का कायाकल्प करने पर बल दिया। जिला प्रशासन द्वारा न्यायमूर्ति की पाठक की पहल पर मर्सी होम में स्थानीय लोगों व संस्थाओं के सहयोग से तमाम सुविधायें जुटाई गई हैं। दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग, साफ-सफाई व मरम्मत का काम प्रमुखता से कराया गया है। साथ ही यहाँ निवासरत विशेष बच्चों व बुजुर्गों के लिये दो जोड़ी कपड़े सहित अन्य मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई हैं। मर्सी होम को स्वीट होम में तब्दील करने में राम आस्था मिशन का भी सहयोग मिल रहा है।

# यातायात को सुगम बनाने तेजी से की जा रही है पेंच रिपेयरिंग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई शहर की गांरटी पीरियड की सड़कों पर ठेकेदार द्वारा एवं अन्य विभिन्न सड़कों पर नगर निगम द्वारा तेजी से पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है।

सहायक यंत्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए गांरटी पीरियड की सड़कों सहित विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत कमानी पुल के पास, न्यूहाई कोर्ट के पीछै अलकापुरी, शंकर चौक ललितपुर कॉलोनी, हरीशंकरपुरम, अवाडपुरा, गुडा बत्ती, साई नगर, राधाविहार कॉलोनी, आनंद नगर ए ब्लॉक, बीएसएफ कॉलोनी, चन्द्रशेखर लक्ष्मीपुरम ट्रांसपोर्ट नगर, बिरला नगर पुल के पास, एबी रोड लक्ष्मीगंज, नेहरू कॉलोनी थाटीपुर, ट्रांसपोर्ट नगर, होल चाइल्ड स्कूल शीतला किराना स्टोर, पीताम्बरा वाली गली दीनदयाल नगर, बैंक कॉलोनी खुरैरी, आनंद नगर सी ब्लॉक पउआ वाली माता के बगल वाली रोड पर, बजरंग कॉलोनी, गुप्तेश्वर कॉलोनी, राम नगर विक्की फैक्ट्री, बेलदारों का पुरा नीडम सहित अनेक सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।



# खत्म नहीं हो पा रहा जलभराव बारिश आंकड़ा पहुंचा 1400 मिमी के पार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** शहर में दो दिन से दिन और रात में हो रही बारिश से तापमान में 2 डिग्री की कमी आ चुकी है। वहीं लगातार जून से हो रही बारिश के कारण इस साल बारिश का आंकड़ा लगभग दोगुने पर पहुंच चुका है। ग्वालियर में औसत बारिश 724 मिमी रहती है। लेकिन इस साल अभी तक

**दिन में हुई बारिश से अधिकतम तापमान में आई 2 डिग्री की कमी**

1400.2 मिमी तक बारिश हो चुकी है। इसके कारण जिन क्षेत्रों में जलभराव की हालत है, वहां से पानी कम नहीं हो पा रहा है। दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम आदि क्षेत्र ऐसे हैं जहां जलनिकासी की व्यवस्था खत्म कर दिए जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं लगातार बारिश होने से जलस्तर में वृद्धि हो जाने के कारण सागरताल, विनय नगर, ट्रांसपोर्ट नगर मुरार नदी एवं स्वर्ण रेखा नदी के किनारे बने बेसमेंट में जमीन से पानी रिस रहा है। ग्वालियर में जून माह से लगातार हुई बारिश नेइस साल रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, इसके चलते एक ओर जहां खेत लबालब हैं, वहीं दूसरी ओर जलस्तर में भी वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर शहर के उन क्षेत्रों में जहां स्वर्णरेखा नदी, मुरार नदी, विनय नगर, सागरताल, जनकताल, ट्रांसपोर्ट नगर आदि क्षेत्रों में भी भू जलस्तर बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर इन क्षेत्रों में बने बेसमेंटों में पानी का रिसाव प्रारंभहो जाने के कारण लोगों को परेशानियां आ रही हैं।

### मौसम में आई ठण्डक

गुरुवार की शाम बारिश ने वातावरण में ठण्डक घोल दी है। हालांकि सुबह से धूप का निकलना प्रारंभ हो रहा है, जबकि शाम होते ही बादल छा गए फिर जोरदार बारिश शुरू होने मौसम में ठंडक हो गई है।


डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460









Exclusive Pre-GST benefits now make buying a Kia even more rewarding. Add in our ongoing festive offers, and the savings get even better. It's the perfect time to bring home the Kia you've always wanted.

| Model | Pre-GST benefits (up to) | Additional festive benefits (up to) | Total benefits* (up to) |
|---|---|---|---|
| Seltos | ₹ 58 000 | ₹ 1 17 000 | ₹ 1 75 000 |
| Carens Clavis | ₹ 53 650 | ₹ 91 850 | ₹ 1 45 500 |
| Carens | ₹ 43 500 | ₹ 83 000 | ₹ 1 26 500 |

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. Pre- GST benefits and additional festive benefits are at the sole discretion of the dealership. The product shown is for representation purposes only. Benefits may vary from model to model & region to region. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/scheme/service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

Royal Kia
Gwalior Tel: 7898425968 | Guna Tel: 9893926555


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95